जवाब-तलब

हाईकोर्ट ने स्वत : संज्ञान लेकर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

शहर के नालों में गंदे पानी से सब्जी उगाए जाने पर कोर्ट सख्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने जबलपुर में नाले के गंदे पानी से सब्जियां उगाए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। युगलपीठ ने समाचारों पर संज्ञान लेते हुए मामले की जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की। इसी के साथ कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। इस प्रकरण में कोर्ट मित्र के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। उन्होंने दलील दी कि सीवेज की गंदगी के साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि गंदे नालों का पानी बेहद खतरनाक है। इसलिए उनके पानी से सब्जी उगाना जनता की सेहत से सरासर खिलवाड़ है।

दरअसल जबलपुर में कछपुरा व विजय नगर से लेकर कचनारी व आसपास के क्षेत्र में ओमती नाले के गंदे पानी से सब्जी उगाई जाती

हैं। इसी तरह गोहलपुर से लेकर बेलखाड़ू के बघौड़ा व आसपास के कुछ गांवों में मोती नाले के संक्रमित पानी का उपयोग सब्जियों की खेती में किया जा रहा है। नाले के गंदे पानी में घुलनशील विषेले तत्व लोगों की सेहत को खतरे में डाल रहे हैं। इस तरह की खेती पर अंकुश लगाने की मांग लंबे समय से उठ रही है, लेकिन जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी वे इससे बच रहे हैं। सभी विभाग एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि कांचघर की पहाडियों के पास से निकला ओमती नाला कभी ओमवती नदी के नाम से जाना जाता था। कालांतर में इसके दोनों तरफ आबादी बढ़ती चली गई और यह शहर के बीच में आ गया। अब केवल सेप्टिक टैंकों और बाथरूम से निकलने वाला पानी ही बहता है। यही हालात गोहलपुर क्षेत्र से गुजरे मोती नाले के हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन नालों का पानी बेहद खतरनाक और जहरीला हो सकता है। दलील दी गई कि नालों में सीवेज की गंदगी के साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। डिटर्जेंट में भी सोडियम कार्बोनेट मिला होता है इससे हाइपरटेंशन, पोटेशियम की कमी, गैस और सूजन, सिरदर्द और एलर्जी जैसे रोग होते हैं। वहीं डिटर्जेंट में झाग बनाने के लिए सोडियम लारेथ सल्फेट का उपयोग होता है जिससे त्वचा में जलन, मुंहासे, मुंह के छाले और कैंसर भी हो सकता है। डिटर्जेंट में दाग हटाने के लिए एल्काइल बेंजीन सल्फोनेट का उपयोग बेहद किया जाता है। इससे कपड़ों के दाग तो हट जाते हैं लेकिन यह प्रकृति के लिए खुद एक बदनुमा दाग है, क्योंकि इससे पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान होता है। यह बायोडिग्रेबल नहीं है और हमेशा ही जमीन पर बना रहता हैए जिससे पानी और मिट्टी को नुकसान होता है। पानी की गुणवत्ता में कमी आती है और मिट्टी अपनी उर्वरता खो देती है।

सिवनी हवाला लूट कांड की आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे हाईकोर्ट की शरण में

कटनी से जालना (नागपुर) जा रहीं कार से हवाला के 2.96 करोड़ रूपये लूटने के मामले में एसडीओंपी पूजा पांडे ने जमानत पाने हाईकोर्ट की शरण ली है। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान पूजा पांडे के पैरोकार ने सीनियर वकील द्वारा पक्ष रखने का हवाला देते हुए मामले में समय की राहत चाही। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि विगत 8 व 9 अक्टूबर की रात को सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था। जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये हवाला की रकम थी। उक्त मामले को रफा दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपियों से साठगांठ की थी। इतना ही नहीं बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी। उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओंपी पूजा पांडे सहित ग्यारह पुलिस कर्मियों के खिलाफ अपहरण, लूट व अपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार किया था। निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद पूजा पांडे ने जमानत पाने हाईकोर्ट की शरण ली है।

मास्टरमाइंड समेत साथी को मुरैना से गिरफ्तार कर लाई राज्य सायबर पुलिस

फेसबुक पर दोस्त बनकर लाखों की ठगी, कमिशन का लालच देकर जाली खाते खुलाकर बेचे

जबलपुर। फेसबुक पर दोस्त बनकर लाखों रूपये की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड को राज्य सायबर सेल जोन जबलपुर ने साथी के साथ मुरैना से गिरफ्तार कर दोनों को शहर लेकर आ गई है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ फेसबुक पर दोस्ती कर करता था और लोगों से ठगी करता था। कई लोगों के खाता खुलवाकर कमिशन कमाने के नाम खाते बेचता था।

निरीक्षक भावना तिवारी द्वारा बताया गया कि राघवेन्द्र सिंह को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी जिसे एक्ससेप्ट कर 8,12,000 रूपए की धोखाधड़ी की गई थी। शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया। टेक्निकल साक्ष्य एकत्रित किये गये है एवं फरियादी के साथ हुई ठगी की कुल राशि मे से लगभग 2,00,000 रुपये राज्य सायबर पुलिस जोन जबलपुर की विवेचना टीम द्वारा होल्ड कराए गए। अपराध विवेचना मं घटना से संबंधित संदिग्ध खातों व अन्य की जानकारी प्राप्त की गई जिसमे मुख्य संदेही खाताधारक एवं घटना का मास्टरमाइंड मुन परिहार पिता दुर्गा सिंह परिहार 18 वर्ष

निवासी ग्राम चाँदपुर थाना दिमनी जिला मुरैना मप्र एवं विनोद उपाध्याय पिता हरिशंकर उपाध्याय 19 वर्ष निवासी ग्राम चाँदपुर थाना दिमनी मुरैना ने कमीशन की लालच में आकर अपना और अन्य लोगों का खाता एवं सिम लेकर अपने फ्रेंड को 2,200 रूपये में बेचा देता था। प्रकरण के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पतासाजी कर विवेचना टीम तत्काल मुरैना रवाना हुई एवं आरोपी मुन परिहार पिता दुर्गा सिंह परिहार 18 वर्ष निवासी ग्राम चाँदपुर थाना दिमनी जिला मुरैना एवं विनोद उपाध्याय पिता हरिशंकर उपाध्याय 19 वर्ष निवासी ग्राम चाँदपुर थाना दिमनी मुरैना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मुन परिहार ने पूछताछ में बताया कि वर्तमान में स्कूल में पढाई कर रहे है। माह सितम्बर 2025 विनोद उपाध्याय ने खाता खुलवाकर पैसे कमाने के बारे में बताया था जिस पर उसकी बातों में आकर खाता खुलवाया बाद उस खाते को आरोपी विनोद उपाध्याय को बेच देता था। बाद में आरोपी विनोद भी उसको अन्य किसी को बेच देता था।

6 आयुर्वेदिक औषधियों पर प्रतिबंध

नवभारत,जबलपुर। जिला आयुष अधिकारी कार्यालय ने 6 आयुर्वेदिक औषधियों के क्रय, विक्रय और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। ये औषधियाँ राज्य स्तरीय आयुर्वेद औषधि प्रयोगशाला, ग्वालियर की जाँच में अमानक पाई गई हैं। संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। डॉ. सुलोचना सिंह चौहान, जिला आयुष अधिकारी, ने बताया कि इन औषधियों को ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के नियम 33 ईई के तहत मानव उपयोग के लिए असुरक्षित माना गया है। जिला आयुष अधिकारी ने कहा कि इन औषधियों का क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से रोका गया है। जनता से अपील की गई है कि इन दवाओं का उपयोग न करें और यदि इनके बारे में कोई जानकारी हो तो संबंधित आयुष कार्यालय को सूचित करें।

ये औषधियां हुई प्रतिबंधित

जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुलोचना सिंह चौहान ने जानकारी दी है कि प्रतिबंधित औषधियों में शर्मायु जैनयुन आयुर्वेद, दतिया (मप्र) द्वारा निर्मित गिलोय सत्व और कामदुधा रस शामिल हैं। इसके अलावा, श्री धनवंतरी हर्बल ला, सोलन (एचपी) द्वारा निर्मित प्रवाल पिष्टी और मुक्ता शुक्ति पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। डाबर इंडिया लि., साहिबाबाद (उप्र) द्वारा निर्मित कफ कुठार रस और लक्ष्मी विलास रस भी अमानक पाए गए हैं।

हाइवे में व्यापारी से 1 .5 लाख की लूट

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत बरगी गांव के सामने हाईवे में शुक्रवार को मोटर साईकिल सवार लुटेरे ने व्यापारी का एक लाख पांच हजार रुपए से भरा बैग लूट लिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि रामनारायण विश्वकर्मा निवासी स्लीमनाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कोल्ड्रिंग व पानी की बिक्री करता हैं। शुक्रवार को स्लीमनाबाद अपने घर से लगभग सुबह 9:30 बजे स्लीमनाबाद से अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 21 एमएम 5054 से सिहोरा के लिये निकला था और

स्लीमनाबाद हाईवे में श्रीराम ढाबा में जाकर चाय पिया और ढाबा मालिक रामभगत यादव को सिहोरा में भांजे की शादी का निमंत्रण दिया श्रीराम ढाबा से चाय पीकर लगभग सुबह 9:45 बजे सिहोरा अपनी बहन के घर सिहोरा जाने के लिये निकला। बरगी गांव के सामने हाईवे में अपनी मोटर साईकिल को रोड किनारे खडी कर थोड़ी देर रुक गया था। तभी एक मोटर साईकिल में पीछे से दो व्यक्ति आये और गाडी के थोडा सा आगे अपनी मोटर साईकिल खड़ी कर लिये उसमें से पीछे बैठा एक व्यक्ति उतरकर पास आया और कंधे में टंगे काले रंग के बैग को जोर से खींचा तो झटके के कारण वह जमीन पर गिर गया और वह व्यक्ति तुरन्त उसके बैग को छीन और मोटर साईकिल स्टार्ट करके खड़े साथी के पीछे बैठकर सिहोरा की ओर भाग गया। बैग में एक लाख पांच हजार रुपए रखे थे।

एक ने हेलमेट तो दूसरे ने मफलर से छुपा रखा था चेहरा

मोटरसाइकिल चलाने वाले लुटेरे ने हेल्मेट लगाया था काले रंग की फुल जैकिट और काले रंग का पैन्ट पहना था जिसने बैग छीना वह चेहरे में काले सफेद रंग का मफलर बांधा था बैग छीनते समय उसका मफलर थोडा से खुल गया था व्यापारी ने लुटेरे का चेहरा देख लिया। दोनों की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष होगी। पुलिस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

स्कूटी से पहुंचे बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंक घर में लगाई आग

जबलपुर। कैंट थाना अंतर्गत गली नं. 15 सदर में स्कूटी से पहुंचे बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंक एक घर में आग लगा दी भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया उमर शारिक कुरैशी पिता स्व. उमर दराज कुरैशी 48 वर्ष निवासी गली नं. 15 सदर कैंट ने गुरुवार की देर रात रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित घर में ताला लगाकर आर. सी. ग्राउंड गली नं. 13 निवासी अख्तर कुरैशी के लड़के की शादी में गया था उसके बाद शादी से रात्रि करीब 12:1 बजे घर वापस आ गए थे घर आकर हाँथ पैर धोकर कपड़े बदलकर काली माता मंदिर तरफ घूमने के लिए चला गया था और वही टहल रहा था टहलते टहलते जब घर की ओर आ रहा था तो देखा कि दो लड़के पेट्रोल बाटल में आग लगा कर फेंके और अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस ई 8893 में बैठकर भाग गये। घर में आग लग गई थी बड़े भाई ने पानी डालकर आग बुझा दी। आरोपी कौन है और उन्होंने किन कारणों से वारदात को अंजाम दिया है इसका पता नहीं चल सकता है पुलिस छानबीन कर रही है साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला रही है ताकि आरोपियों की शिनाख्त हो सके।

युवक पर गिरा लोहे का रैक, श्रमिक की मौत

फैक्ट्री में काम करते समय हुआ हादसा

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत रिछाई स्थित एक फैक्ट्री में काम करते समय श्रमिक पर लोहे का रैक गिर गया। हादसे में गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को महादेव उरवा 38 वर्ष निवासी रांझी झारखण्ड का रिछाई फैक्ट्री में काम कर रहा था तभी काम करते ासमय लोहे का रैक गिरने से घायल हो गया और उसे गंभीर चोटें आ गई। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

घर के पास गिरे ढाई साल के मासूम की मौत

तिलवारा थाना अंतर्गत नागनपुर में घर के बाहर खेलते समय एक ढाई साल का मासूम गिर गया और सिर में चोटें आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को राजा भूमिया उम्र 25 वर्ष निवासी नागनपुर तिलवारा ने सूचना दी कि उसका ढाई वर्षिय बेटा कृष्णा भूमिया दोपहर में घर के पास गिर गया था जिसे सिर में चोट आने के कारण मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के दोपहर 2-30 बजे मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

लापता महिला का जंगल में फांसी पर लटका मिला शव

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत सुरवाह के जंगल में लापता महिला का शव जंगल में फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अनुराग सिंह 18 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड पनागर ने सूचना दी कि उसकी मॉ श्रीमति अभिलाष सिंह 38 वर्ष का विगत 6 माह से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था जो गुरुवार दोपहर 1 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी। तलाश करने पर नहीं मिली आज सुबह 7 बजे उसे जानकारी मिली कि ग्राम सुरवाह के जंगल में उसकी मॉ ने फांसी लगा ली है जिससे उसकी मॉ श्रीमति अभिलाषा की मौत हो गयी है।

अपशब्द कहने पर दो छात्र गुटों के बीच हुआ विवाद

रादुविवि में युवा उत्सव के समापन पर रही गहमागहमी

नवभारत,जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा उत्सव के समापन समारोह के दौरान शुक्रवार को अचानक गहमागहमी का माहौल बन गया। छात्र गुटों के बीच हुए विवाद ने समारोह में मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों को हैरान कर दिया। सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय के एक छात्र, जो किसी छात्र संगठन से जुड़े

हुए बताए जा रहे हैं, को बाहर से आए एक छात्र द्वारा अपशब्द कहे जाने पर विवाद शुरू हुआ। बात बढ़ने पर स्थिति इतनी बिगड़ गई कि उक्त छात्र द्वारा बाहर से आए छात्र को घसीटने और धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। घटना के दौरान मौके पर मौजूद शिक्षक एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को अलग किया, जिससे विवाद होने से टल गया। गौरतलब है कि 21 नवंबर को संपन्न हुए इस अंतर जिला (विश्वविद्यालय स्तर) युवा उत्सव में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही अन्य जिलों से आए प्रतिभागी भी उपस्थित थे। समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के बीच अचानक हुए इस विवाद ने माहौल को कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बना दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घटना की जानकारी मिलने पर स्थिति पर नजर बनाए रखी है और मामले की जांच की जा रही है। आयोजनों के बीच हुई इस अप्रिय घटना को लेकर छात्र समुदाय में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।

चलती ट्रेन में महिला ने दिया बच्ची को जन्म

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और त्वरित कार्यप्रणाली से यात्रियों का भरोसा जीता है। विगत गुरुवार को रेल मदद 139 पर प्राप्त सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 12141 पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच स2 की बर्थ सं. 41 पर यात्रा कर रही 9 माह की गर्भवती महिला यात्री नसरीन खातून पति मोहम्मद कादिर को अचानक प्रसव पीड़ा आरम्भ हो गई। सूचना मिलते ही सतना स्टेशन पर मौजूद ऑन-ड्यूटी कमर्शियल एवं मेडिकल टीम अलर्ट मोड पर आ गई। ट्रेन के सतना आउटर पर पहुँचने से पहले ही महिला ने गाड़ी में ही बच्ची को जन्म दे दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उप स्टेशन प्रबंधक सुभाष चौरसिया, मेडिकल स्टाफ प्रेम बहादुर, और सतना स्टेशन के कुलियों ने मिलकर अत्यंत तत्परता से माँ और नवजात को सुरक्षित ट्रेन से उतारा।

नवभारत
आवश्यकता है
देश के अनेक स्थानों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट :- (5 वर्षों के अनुभवी को प्राथमिकता)
बिलिंग ऑपरेटर :- (एमआईएस)
महिला + पुरुष रिपोर्टर :- (2 वर्ष के अनुभवी को प्राथमिकता)
कंप्यूटर ऑपरेटर :- (कोरल ड्रा अनिवार्य)
कार्यालय-नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
संपर्क करें :- 9752721239, 8305852507
(दोपहर - 12 से शाम 8 बजे तक)
E mail - navbharatjabalpur@gmail.com

भवन निर्माण
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे
कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

Hero VIDA
घर-घर EVOOTER
VIDA VX2 | बदलते INDIA का स्कूटर
THE ALL NEW GO 3.4 kWh
ज़्यादा Range. ज़्यादा Savings.
VX2 अब 3 वेरिएंट में उपलब्ध
STARTING @JUST ₹84 990*/- (EXCLUDING STATE SUBSIDY)
WITH BaaS @JUST ₹44 990*/- & PER KM COST ₹1.24
REMOVABLE BATTERIES CONVENIENCE OF INDOOR CHARGING
VIDA|BaaS BATTERY AS A SERVICE 5-YEAR COMPREHENSIVE WARRANTY**
4600+ FAST CHARGING STATIONS
600+ OUTLETS FOR SALES AND SERVICE
Hero MotoCorp Limited (CIN: L35911DL1984PLC017354)
Additional benefits available: extended battery warranty (up to 5 years/60k kms for VX2 Plus & 5 years/50k kms for VX2 Go); warranty on critical components up to 5 years/75k kms; access to the fast-charging network & MY VIDA App during the BaaS period; option to avail assured buyback of up to 67.5% of the effective showroom price of the VX2 series. *Limited-period offer. T&C apply. BaaS offer is subject to the terms & conditions of respective financiers. Visit us at: www.vidaworld.com
Visit us in JABALPUR: Madan Mahal - VIDA HUB, 7428480256 | Napier Town - SUDARSHAN MOTORS, 7428480256 | Damoh Naka - SUDARSHAN MOTORS, 9111100352 | South Civil Lines - SUPER AGENCIES, 080-48247253 | NARSINGHPUR: RACHNA ENTERPRISES, 7428295747 | MANDLA: SHUBHA MOTORS, 080-48247255 | DAMOH: INDIA AUTO CENTRE, 080-4824725 | KATNI: HARSH MOTORS, 7428296294 | SHAHDOL: Jaistambh, Infront of District Hospital - VIBHOR MOTORS, 09289923109 | Ground Floor, Opposite Christian Hospital, Burhar Road - Gupta Automobiles, 7879158407

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57